ATMS College of Education Achheja, Hapur (U.P.)
*(Affiliated to Chaudhary Charan Singh University Meerut U.P. & Recognized by NCTE Jaipur)*
*(College Code – 417)*

दिनांकः 28–02–24

## आवश्यक सूचना

बी0एड0 द्वित्तीय वर्ष (सत्र 2022–24) में अध्ययनरत् समस्त विद्यार्थियों को कार्यालय परीक्षा नियंत्रक चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय के पत्रांक सं0गोप0/335 दिनांक 27–02–2024 के अनुक्रम में सूचित किया जाता है कि आपकी प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षाओं का आयोजन अप्रैल माह–2024 के प्रथम सप्ताह में किया जाना प्रस्तावित है। अतः आप सभी अपनी प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षाओं से सम्बन्धित एवं प्रशिक्षु अवधि में आपके प्रशिक्षण केन्द्र पर तैयार की गयी समस्त अभिलेख यथा फाईल को महाविद्यालय में आकर अपने प्राध्यापकों से चैक करा लें । यदि किसी विद्यार्थी की किसी प्रकार की कोई जिज्ञासा अथवा समस्या है तो वह विभाग में सम्बन्धित प्राध्यापक से संपर्क कर उस जिज्ञासा अथवा समस्या का समाधान प्राप्त कर लें, जिससे समय रहते आपके सभी अभिलेख एवं फाईल बी0एड0 पाठ्यक्रम के मानकों के अनुसार तैयार हो सके।

| क्रम Sl. | प्रयोगात्मक एवं मौखिक परीक्षा से सम्बन्धित क्रियाऐं (Practical/ Viva Voce Activity) | प्राध्यापक (Teacher) |
|---|---|---|
| 1 | सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी की अवधारणा (Understanding of ICT) | श्री वीरपाल सिंह |
| | सामुदायिक कार्य (Work With Community) | |
| | स्काउटिंग एवं गाइडिंग (Scouting & Guiding) | |
| | क्रियात्मक अनुसंधान (Action Research) | डॉ0 संजय कुमार |
| | पी0पी0टी0 (PPT) | |
| | रचनावादी दृष्टिकोण पर आधारित शिक्षण गतिविधि (Teaching Activity Based on Constructivist Approach) | |
| 2 | अधिन्यास (Assignment) | सम्बन्धित विषय अध्यापक |
| 3 | विद्यालय प्रशिक्षुता (School Internship)<br>• दैनिक डायरी (Daily Diary)<br>• पोर्टफोलियो (Portfolio)<br>• उपस्थिति विवरण पत्रक (Attendance Sheet)<br>• प्रशिक्षुता प्रमाण पत्र (Internship Certificate) | डॉ0 सत्यवीर सिंह |

Principal प्राचार्य
ATMS College of Education कॉलेज ऑफ एजूकेशन
Achheja, Hapur

प्रतिलिपिः–

1 समस्त बी0एड0 संकाय सदस्य
2 सूचनापटट्
3 आई0 टी0 विभाग, महाविद्यालय वेबसाइट पर प्रदर्शन हेतु

# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

**अति आवश्यक / महत्वपूर्ण**

पत्रांक : गोप0 / 335
दिनांक : 27.2.24

## विज्ञप्ति

**विषय : बी0एड0 द्वितीय वर्ष सत्र 2022–24 की प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षायें अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित कराये जाने के सम्बन्ध में।**

एतद्द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध बी0एड0 महाविद्यालयों / संस्थानों एवं छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा बी0एड0 द्वितीय वर्ष सत्र 2022–24 की प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा सैद्धान्तिक परीक्षा से पूर्व सम्पन्न करायी जायेंगी। उक्त परीक्षायें अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है।

अतः सम्बन्धित समस्त बी0एड0 महाविद्यालयों / संस्थानों से अनुरोध है कि उक्त तिथि तक पाठ्यक्रम पूर्ण करा लें और प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा की उक्त प्रस्तावित तिथि से छात्र / छात्राओं को अपने स्तर से अवगत कराने का कष्ट करें ताकि प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा में सम्मिलित होने से छात्र / छात्रा वंचित न रहें।

उक्त प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा का महाविद्यालयवार / संस्थानवार कार्यक्रम पृथक से विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाईट पर यथासमय अपलोड किया जायेगा।

27.2.24

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियन्त्रक को परीक्षा नियन्त्रक महोदय के सूचनार्थ।
4. सम्बन्धित महाविद्यालयों / संस्थानों के प्राचार्य / प्राचार्या को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. प्रभारी, वेबसाईट को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु।
6. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को उक्त विज्ञप्ति समस्त राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करने हेतु।

उप कुलसचिव (गोपनीय)